# प्रसार भारती
# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.01.2026 19:45 बजे

" मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश मंत्रिमंडल में विस्तार और फेरबदल के दिए संकेत।
- राज्यपाल ने भारतीय सेना के सर्वोच्च बलिदान और अटूट संकल्प को सराहा–कहा– रक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए केंद्र ने उठाए कई कदम।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने वी.बी.– जी राम जी योजना को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बताया मददगार– कहा– कांग्रेस का विरोध बेबुनियाद।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने एफ.आर.ए. के मामलो में अधिकारियों को तेजी लाने के दिए निर्देश।
- सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा–प्रदेश सरकार के मंत्रियों व अधिकारियों में तालमेल की कमी– कानून व्यवस्था चरमराई– विकास कार्य ठप्प।

## सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों से राज्य के विभिन्न मसले उठाए गए हैं। दिल्ली दौरे के बाद शिमला लौटने पर आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सेब पर इम्पोर्ट ड्यूटी बढ़ाने, राज्य के लिए हर साल 10 हजार करोड़ रुपए की रेवेन्यू डेफिसिएट ग्रांट और पीएम मोदी द्वारा घोषित 15 सौ करोड़ रुपए का पैकेज जल्द जारी करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई है जिस पर केंद्रीय मंत्रियों ने सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की बात कही है। इस दौरान सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश मंत्रिमंडल में विस्तार और फेरबदल भी किया जाएगा। इस बीच मुख्यमंत्री से आज विभिन्न राज्यों के भ्रमण से लौटे चिल्ड्रन ऑफ स्टेट बच्चों ने मुलाकात की और अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की चिल्ड्रन ऑफ स्टेट योजना बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है और सरकार ने भ्रष्टाचार के चोर दरवाजों को बंद कर आम लोगों तक सरकारी संपदा पहुंचाने का काम किया है।

––बाइट–सुखविंदर सिंह सुक्खू–49''––

## मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से कल नई दिल्ली में भेंट कर सेब उत्पादन के पीक सीज़न के दौरान सेब आयात पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। उन्होंने सेब पर आयात शुल्क को बढ़ाकर सौ प्रतिशत करने का भी आग्रह किया ताकि विदेशी सेब के आयात से राज्य के बागवानों को नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में सेब आयात में लगभग अढ़ाई गुणा वृद्धि हुई है और मुक्त व्यापार समझौतों के कारण इसमें और वृद्धि हो सकती है।

## भारतीय सेना

भारतीय सेना अपना 78वाँ सेना दिवस मना रही है और इसी कड़ी में अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत आज शिमला में आर्मी ट्रेनिंग कमांड आरट्रैक द्वारा ऐट होम का आयोजन किया गया जिसमें राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 21वीं सदी की उभरती सुरक्षा चुनौतियों के लिए भारतीय सेना की तैयारियों पर प्रकाश डाला। राज्यपाल ने कहा कि सेना की बदौलत आज देशवासी सुरक्षित हैं और सेना की महानता को कोई चुनौती नहीं दे सकता। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही के वर्षों में रक्षा क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं।

इस अवसर पर आरट्रैक शिमला के जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने कहा कि सेना दिवस कोई परेड या उत्सव मात्र नहीं, बल्कि उन वीरों को नमन करने का दिन है जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। **धर्माणी**

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने आज घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की पपलाह पंचायत के मुंडखर में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में जन समस्याओं को सुना और अधिकांश का मौके पर समाधान भी किया। इस दौरान उन्होंने शेष बचे मामलों को त्वरित निपटारे के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। धर्माणी ने कहा कि फिल्ड में कार्यरत कर्मचारी सरकार का प्रतिनिधि होता है इसलिए वे जनता के प्रति संवेदनशीलता से कार्य करें।

## जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है और माफिया राज हावी हो गया है। आज कुल्लू में मनाली और लाहौल विधानसभा संयुक्त मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मंत्री और अधिकारी अपने में व्यस्त हैं जबकि आम जनता और सरकारी कर्मचारी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री का ध्यान केवल अपने मित्रों को कैबिनेट रैंक बांटने और परिवार के सदस्यों को नौकरी व पैंशन के लाभ पहुंचाने तक सीमित रह गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवा चुनाव के समय दी गई हर साल एक लाख सरकारी नौकरियों की गारंटी के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। जयराम ठाकुर ने केंद्र की वीबी– जी राम जी योजना को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मददगार बताया।

## जगत नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने एफ.आर.ए. के मामलो में अधिकारियों को तेजी लाने के निर्देश दिए हैं वे आज शिमला में वन अधिकार अधिनियम 2006 के संबंध में शिमला ज़िला की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मामलों का समयबद्ध निपटारा न होने की स्थिति में अधिनियम में जुर्माने का प्रावधान है। इसलिए अधिकारी इस कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें। राजस्व

मंत्री ने रोहड़ू, जुब्बल, चौपाल, शिमला ग्रामीण व कुपवी के उपमंडल अधिकारियों से एफ.आर.ए. के मामलों की फीड बैक ली।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार में कर्मचारियों, अधिकारियों व मंत्रियों में तालमेल का अभाव है, जो हिमाचल के हित में नहीं है। आज ऊना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हिमाचल में जब से कांग्रेस की सरकार बनी है, तब से हर साल आपदा कहर बरपा रही है और ये सरकार राहत बचाव कार्यों में विफल साबित हो रही है। अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है और विकास कार्य भी ठप्प पड़े हैं।

**'' मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश मंत्रिमंडल में विस्तार और फेरबदल के दिए संकेत।
- राज्यपाल ने भारतीय सेना के सर्वोच्च बलिदान और अटूट संकल्प को सराहा—कहा— रक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए केंद्र ने उठाए कई कदम।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने वी.बी.— जी राम जी योजना को ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बताया मददगार— कहा— कांग्रेस का विरोध बेबुनियाद।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने एफ.आर.ए. के मामलो में अधिकारियों को तेजी लाने के दिए निर्देश।
- सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा—प्रदेश सरकार के मंत्रियों व अधिकारियों में तालमेल की कमी— कानून व्यवस्था चरमराई— विकास कार्य ठप्प।